वी.यू. में मनाया गया विश्व पशुचिकित्सा दिवस

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में एवं अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आर.के. शर्मा के दिशा निर्देश में पशुचिकित्सा परिसर में दिनांक 30 अप्रैल 2022 को विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला में छात्र–छात्रों ने भाग लिया। साथ ही इस अवसर पर पशु चिकित्सा परिसर में श्वानों में निःशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण किया गया, जिसमें 182 श्वानों का टीकाकरण हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता अधिष्ठाता महोदय डॉ. आर.के. शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में माँ भारती संस्था से अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं सचिव श्रीमती सुषमा बजाज सम्मिलित हुए।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैंसी, युक्ति, द्वितीय स्थान विद्या एवं पूजा और तृतीय स्थान प्रिया, अंशिका एवं लिखित रेड्डी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रत्युष, द्वितीय स्थान सोनल एवं तृतीय स्थान शिवांगी ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदर्श, द्वितीय स्थान मोना और प्रिया एवं तृतीय स्थान रीता और अंकुर ने प्राप्त किया।

सभी विजेताओं को माँ भारती संस्था एवं महाविद्यालय के द्वारा प्रशस्ति–पत्र एवं उपहार प्रदान किये गए एवं सभी सहभागियों को Zoites Pharma Company की ओर से उपहार स्वरूप पुस्तकें प्रदान की गई।

इस अवसर पर डॉ. अपरा शाही, डॉ. कविता रॉय, डॉ. एस.एन. शुक्ला, डॉ.शोभा जावरे, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. बबीता दास, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. संजू मंडल, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. माधुरी ध्रुवे, डॉ.अभिषेक बिसेन एवं डॉ. अपूर्वा मिश्रा सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रणवीर सिंह जाटव, अस्पताल अधीक्षक ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। निःशुल्क टीकाकरण में स्नातकोत्तर छात्र डॉ. आदित्य सोनी एवं डॉ. अंशुल संधान ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।